I NEXT, Meerut, 2.7.2018
Page No. 5, Size:(26.56)cms X (12.89)cms.

सतर्कता आधार कार्ड के प्रयोग से जानकारी के दुरूपयोग होने का खतरा बना हुआ था

वर्चुअल आईडी से बरकरार रहेगी आधार की गोपनीयता

» आधार कार्ड की जगह लागू होगी वर्चुअल आईडी

» भारी वाहनों के लिए भी देना होगा ड्राइविंग सर्टिफिकेट

i SPECIAL

meerut@inext.co.in

MEERUT (1 July): आधार कार्ड के प्रयोग के दौरान गोपनीयता लीक होने का खतरा अब नहीं रहेगा. एक जुलाई से आधार कार्ड के विकल्प के तौर पर कार्ड धारक के लिए वर्चुअल आईडी का विकल्प तैयार कर दिया गया है. वहीं भारी व माल वाहनों को चलाने के लिए अब ड्राइविंग सर्टिफिकेट की अनिवार्यता कर दी गई है. यानि की यदि चालक के पास यह सर्टिफिकेट नहीं है तो उसे डीएल जारी नहीं होगा.

CONCEPT PIC



वर्चुअल आईडी का प्रयोग कार्ड धारक कहीं भी बिना किसी डाटा की जानकारी दिए बिना कर सकता है.

जारी होगी वर्चुअल आईडी

आधार कार्ड का प्रयोग बतौर आईडी किए जाने पर महत्वपूर्ण डाटा चोरी या लीक या जानकारी का दुरूपयोग होने का खतरा बना रहता था. इस समस्या से निजात के लिए यूआईडीएआई ऐप द्वारा वर्चुअल आईडी का विकल्प शुरू किया गया है. जिसका प्रयोग कार्ड धारक कहीं भी बिना किसी डाटा की जानकारी दिए बिना कर सकते हैं.

हैवी लाइसेंस के लिए सर्टिफिकेट

परिवहन विभाग द्वारा हैवी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ट्रेनिंग स्कूल द्वारा जारी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट लाइसेंस के आवेदन में जरूरी किया गया है. लाइसेंस आवेदन के लिए फार्म 5ए के साथ यह सर्टिफिकेट लगाया जाएगा. सर्टिफिकेट के बाद ही आवेदक लाइसेंस के योग्य माना जाएगा. हालांकि यह प्रक्रिया पहले से लागू है लेकिन अब इसे अनिवार्य कर दिया गया है.

आधार के लिए वर्चुअल आईडी का विकल्प आधार कार्ड धारकों के लिए बेहतरीन सुविधा है. अब आधार कार्ड के दुरुपयोग का खतरा कम हो जाएगा और जानकारी भी सुरक्षित रहेगी.

नितिन

आज ही आधार नंबर की वर्चुअल आईडी जेनरेट की है, यह यूआईडीएआई ऐप से आसानी से जेनरेट हो रही है. मोबाइल पर ओटीपी के जरिए आप खुद इसे कंफर्म कर सकते हैं.

ललित सिंह

ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड दोनों के लिए यह व्यवस्था जरूरी थी. अब आधार कार्ड का दुरुपयोग भी नहीं हो पाएगा और अनट्रेंड चालक हैवी वाहन भी नहीं चला सकेंगे.

अरुण